Edit with WPS Office

केस स्टडी – 1

कुंवर नारायण हिन्दी के सम्मानित कवियों में गिने जाते हैं। उनकी प्रतिष्ठा और आदर हिन्दी साहित्य की भयानक गुटबाजी के परे सर्वमान्य है। उनकी ख्याति सिर्फ़ एक लेखक की तरह ही नहीं, बल्कि कला की अनेक विधाओं में गहरी रुचि रखने वाले रसिक विचारक के समान भी है। कुंवर नारायण को अपनी रचनाशीलता में इतिहास और मिथक के माध्यम से वर्तमान को देखने के लिए जाना जाता है। 'युगचेतना' और 'नया प्रतीक' तथा 'छायानट' के संपादक-मण्डल में भी कुंवर नारायण रहे हैं। 19 सितम्बर, 1927 ई. को कुंवर नारायण का जन्म उत्तर प्रदेश के फैजाबाद ज़िले में हुआ था। कुंवर जी ने अपनी इंटर तक की शिक्षा विज्ञान वर्ग के अभ्यर्थी के रूप में प्राप्त की थी, किंतु साहित्य में रुचि होने के कारण वे आगे साहित्य के विद्यार्थी बन गये थे। उन्होंने 'लखनऊ विश्वविद्यालय' से 1951 में अंग्रेज़ी साहित्य में एम.ए. किया। 1973 से 1979 तक वे 'संगीत नाटक अकादमी' के उप-पीठाध्यक्ष भी रहे। कुंवर जी ने 1975 से 1978 तक अज्ञेय द्वारा सम्पादित मासिक पत्रिका में सम्पादक मंडल के सदस्य के रूप में भी कार्य किया। कुंवर नारायण की माता, चाचा और फिर बहन की असमय ही टी.बी. की बीमारी से मृत्यु हो गई थी। हिंदी के प्रसिद्ध कवि कुंवर नारायण का 15 नवम्बर,2017 को निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। मूलरूप से फैजाबाद के रहने वाले कुंवर पिछले 51 साल से साहित्य से जुड़े थे। उन्होंने दिल्ली के सीआर पार्क स्थित अपने घर में बुधवार को अंतिम सांसे लीं। कुंवर नारायण को 2009 में वर्ष 2005 के 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। 6 अक्टूबर को राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने उन्हें देश के सबसे बड़े साहित्यिक सम्मान से सम्मानित किया। कुंवर जी को 'साहित्य अकादमी पुरस्कार','व्यास सम्मान', केरल का 'कुमार आशान पुरस्कार','प्रेमचंद पुरस्कार','तुलसी पुरस्कार', 'उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान पुरस्कार','राष्ट्रीय कबीर सम्मान','शलाका सम्मान','मेडल ऑफ़ वॉरसा यूनिवर्सिटी', पोलैंड और रोम के 'अन्तर्राष्ट्रीय प्रीमियो फ़ेरेनिया सम्मान' और 2009 में 'पद्मभूषण' से भी सम्मानित किया जा चुका है।

बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर :-

1. कुंवर नारायण जी का जन्म कब हुआ था ?

19 जुलाई , 1927
19 सितंबर , 1927
19 दिसंबर , 1927
19 मई, 1927

2. उन्होंने अंग्रेज़ी साहित्य में एम.ए किस विश्वविद्यालय से किया था ?

मेरठ विश्वविद्यालय
बरेली विश्वविद्यालय
कानपुर विश्वविद्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय

3. कुंवर नारायण जी को पद्मभूषण से कब सम्मानित किया गया था ?

वर्ष 2007
वर्ष 2008
वर्ष 2009
वर्ष 2010

4. उनका निधन कब हुआ था ?

15 नवंबर, 2016
15 नवंबर, 2017
15 नवंबर, 2018
15 नवंबर, 2019

Edit with WPS Office

5. उत्तर प्रदेश के किस जिले में कुंवर नारायण रहते थे ?

मथुरा
कानपुर
मेरठ
फैजाबाद

** Do the work in your Hindi Literature copy.